31 अक्टूबर को है सरकार वल्लभ भाई पटेल की जयंती। इस मौके पर सरकार की ओर से देश के विभिन्न शहरों में 'रन फॉर यूनिटी' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री का संदेश : अयोध्या पर कोर्ट के फैसले में संयम दिखाएं

मन की बात ▶ बोले, 2010 के हाईकोर्ट के फैसले जैसा उदाहरण प्रस्तुत करने की जरूरत

मोदी ने कहा-तब कोर्ट के फैसले से देश के मूड में सुखद बदलाव आया था

नई दिल्ली, प्रेट्र : अयोध्या मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' में राम जन्मभूमि पर 2010 के इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले का जिक्र छेड़ दिया। उन्होंने उस समय जैसा उदाहरण प्रस्तुत करने की जरूरत बताते हुए कहा कि तब सरकार, राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों ने अद्भुत संयम बरतते हुए इस मुद्दे पर बयानबाजी से बचने की कोशिश की थी। तब फैसले का सभी ने सम्मान किया था। यह इस बात का उदाहरण था कि एक आवाज बनकर आप कैसे देश को सुदृढ़ करते हैं।

रविवार को प्रसारित अपने 58वें 'मन की बात' कार्यक्रम में पीएम मोदी ने लोगों से सितंबर, 2010 को रामजन्मभूमि पर आए इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले को याद करने को कहा। उन्होंने कहा कि अगर आप लोग अपनी याद्दाश्त पर जोर डालेंगे तो आपको उस समय का माहौल याद आ जाएगा। तब कई तरह के लोगों ने अलग-अलग तरीकों से अपने हित साधने के लिए परिस्थितियों का फायदा उठाने की कोशिश की थी। उन्होंने कहा कि अपनी भड़काऊ भाषा से तब कुछ बड़बोड़े लोगों ने लोगों का ध्यान खींचने की कोशिश की थी। ऐसा पांच-सात दिन या दस दिन चला। लेकिन लोग यह बातें चंद दिनों में भूल गए। उन्होंने कहा कि कोर्ट के फैसले से देश के मूड में एक सुखद और आश्चर्यजनक बदलाव आ गया था। फैसला आने के बाद एक तरफ साजिशकर्ता तनाव बढ़ाने की कोशिश में थे, वहीं सरकार, राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों, सिविल सोसाइटी, सभी धर्मों के संत समाज के प्रतिनिधियों ने संतुलित बयान दिए थे। उन्होंने सामाजिक-राजनीतिक माहौल में तनाव को कम करने की कोशिश की। मोदी ने कहा कि तब न्यायपालिका का सम्मान किया गया था। इन बातों को हमेशा याद रखा जाना चाहिए।

उल्लेखनीय है कि इलाहाबाद हाईकोर्ट की विशेष पूर्णपीठ ने अपने फैसले में रामजन्मभूमि के विवादित 2.77 एकड़ जमीन के तीन बराबर हिस्से राम लला विराजमान, निर्मोही अखाड़ा और सुन्नी वक्फ बोर्ड को देने का फैसला सुनाया था। अब सुप्रीम कोर्ट में विगत 16 अक्टूबर को इस मामले पर फैसला सुरक्षित किया जा चुका है।

स्टैच्यू ऑफ यूनिटी में 26 लाख पर्यटक : मोदी ने सरदार पटेल को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उन्होंने पूरे देश को जोड़ने का काम किया हैं। 31 अक्टूबर को उनकी जयंती पर 'रन फॉर यूनिटी' कार्यक्रम होगा। उन्होंने कहा कि सिर्फ एक साल में ही 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' को देखने 26 लाख पर्यटक पहुंचे हैं। यह पर्यटन स्थल सिर्फ देश का ही गौरव नहीं, बल्कि पूरे विश्व में ख्याति बटोर रहा है। उन्होंने कहा कि 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' पर्यटन उद्योग के लिए शोध का विषय हो सकता है। टाइम पत्रिका ने इस विश्व के सौ अहम पर्यटन स्थलों में स्थान दिया है। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को भी श्रद्धांजलि दी।

त्योहारों पर पर्यटन को बढ़ावा दें

प्रधानमंत्री मोदी ने भारत में त्योहारों पर पर्यटन को बढ़ावा देने की अपील की है। उन्होंने विदेश में रह रहे प्रवासी भारतीयों से भी परंपरागत त्योहारों को बढ़ावा देने का आग्रह किया। उन्होंने मासिक रेडियो कार्यक्रम में पूरे देश को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा, 'हम सबको इस अवसर पर शत्रुता भुलाने के लिए प्रार्थना करनी चाहिए।' मोदी ने कहा कि भारत में त्योहारों पर पर्यटन को बढ़ावा देने की असीम संभावनाएं हैं। हमारा देश उत्सवों की भूमि है। यहां होली, दिवाली, ओणम, पोंगल और बिहू आदि त्योहारों को और प्रसिद्ध बनाने के प्रयास किए जाने चाहिए। इन अवसरों पर दूसरे राज्यों और देशों से लोगों को हमारे साथ त्योहार मनाने के लिए बुलाना चाहिए।

अल्कोहल टेस्ट में फेल हुए एयरलाइंस और एयरपोर्ट के 13 कर्मचारी, सस्पेंड

नई दिल्ली, प्रेट्र : विभिन्न एयरलाइंस (विमानन कंपनियों) और एयरपोर्ट के 13 कर्मचारी 16 सितंबर से लेकर अब तक हुए अल्कोहल टेस्ट में फेल हो गए। जांच में दोषी पाए जाने पर उन्हें तीन माह के लिए सस्पेंड कर दिया गया है। डीजीसीए के अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि इन कर्मचारियों में सात इंडिगो एयरलाइंस के तथा एयरपोर्ट में काम करने वाले गोएयर व स्पाइसजेट के एक-एक कर्मचारी शामिल थे। 16 सितंबर को सभी कर्मचारियों के अल्कोहल टेस्ट के निर्देश जारी किए गए थे। उसी के तहत एयरलाइंस और एयरपोर्ट में काम करनेवाले कर्मचारियों के टेस्ट कराए गए। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय के अधिकारियों ने कहा, स्वेच्छा से कराए गए अल्कोहल टेस्ट में विभिन्न श्रेणी के 13 कर्मचारियों का रिजल्ट पॉजिटिव पाया गया। नवंबर माह से टेस्ट आवश्यक कर दिया गया है। इसके बाद नियमित रूप से निगरानी और सतर्कता बढ़ा दी जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि इन कर्मचारियों में ज्यादातर सुरक्षा जैसे संवेदनशील विभागों से जुड़े थे। ऐसे में जरा सी चूक से कोई भी घटना या दुर्घटना हो सकती थी।

अधिकारियों ने बताया कि बेंगलुरु इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के दो कर्मचारी, इनमें एक एयरलाइन ऑपरेशंस कंट्रोल सेंटर में सीनियर मैनेजर तथा दूसरा मैनेजर था, भी अल्कोहल टेस्ट में फेल हो गए। दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड का एयरोब्रिज ऑपरेटर भी 21 अक्टूबर को अल्कोहल टेस्ट में फेल हो गया।

एयर इंडिया ने विमान पर सिखों का धार्मिक चिन्ह बनवाया

नई दिल्ली, एजेंसियां : गुरु नानक देव की 550वीं जयंती के मौके पर केंद्र और पंजाब सरकार की ओर से तमाम कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। विमानन कंपनी एयर इंडिया ने अपने एक बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान की टेल (पिछले हिस्से) पर सिखों का धार्मिक चिन्ह 'एक ओंकार' अंकित कराया है।

एयर इंडिया के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अश्विनी लोहानी ने बताया, 'अमृतसर से लंदन की सीधी उड़ान की मांग की जा रही थी और 550वें गुरु पर्व पर इसे शुरू करना अच्छा मौका था। हम इसे 31 अक्टूबर से शुरू करने जा रहे हैं। हमें लगा कि किसी विमान का बाहरी हिस्सा विशिष्ट होता है और इसका इस्तेमाल पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए किया जा सकता है। हमारे विमान दुनियाभर में उड़ान भरते हैं और भारत का संदेश दुनियाभर में अधिकतम स्थानों पर पहुंचना चाहिए। इस कदम के पीछे यही कारण है।' उन्होंने आगे कहा, 'कुछ दिन पहले हमने अपने विमानों पर महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों को प्रदर्शित किया था। इससे पहले विश्व पर्यटन दिवस पर हमने अपने विमानों के बाहरी हिस्से पर वैश्विक धरोहरों के फोटो प्रदर्शित किए थे। महात्मा गांधी की 150वीं जयंती पर हमने एयर इंडिया के एयरबस-320 की टेल पर महात्मा गांधी की तस्वीर बनाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी थी।'

हरसिमरत कौर बादल फाइल फोटो

हरसिमरत कौर बादल ने ट्वीट कर किया फैसले का स्वागत

केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री हरसिमरत कौर बादल ने एयर इंडिया के उक्त फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने ट्वीट किया, 'इस बात से खुशी हुई कि एयर इंडिया अपने विमान पर एक ओंकार का चिन्ह अंकित कर गुरु नानक देव जी का 550वां प्रकाश पर्व मना रहा है। यह सिख धर्म की मौलिक शिक्षा कि भगवान एक है, को प्रदर्शित करता है।' वहीं, एक सरकारी अधिकारी ने कहा, 'यह बेहद विवादित फैसला है। कल मुस्लिम भी अपने धार्मिक प्रतीक चिन्ह को अंकित कराने की मांग कर सकते हैं। एक पंथनिरपेक्ष देश में ऐसे फैसलों से बचा जाना चाहिए।'

भारत और सऊदी अरब के संबंधों को बढ़ाएगा रणनीतिक साझेदारी परिषद समझौता : मोदी

नई दिल्ली, प्रेट्र : सऊदी अरब की यात्रा पर रवाना होने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि रणनीतिक साझेदारी परिषद की स्थापना दोनों देशों के बीच संबंधों को और गहरा करेगा। बादशाह सलमान बिन अब्दुलअजीज अल-सऊद के आमंत्रण पर प्रधानमंत्री जा रहे हैं। बादशाह ने उन्हें रियाद में आयोजित होने जा रहे तीसरे फ्यूचर इन्वेस्टमेंट इनिशिएटिव फोरम के पूर्ण अधिवेशन में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित किया है। मंगलवार को प्रधानमंत्री सऊदी अरब के बादशाह के साथ द्विपक्षीय बातचीत करेंगे।

रवाना होने से पहले मोदी ने कहा, 'मैं क्राउन प्रिंस मुहम्मद बिन सलमान से भी मुलाकात करूंगा और कई मुद्दों पर द्विपक्षीय सहयोग के साथ ही क्षेत्रीय और आपसी हितों के वैश्विक मुद्दों पर बातचीत करूंगा।'

भारत और सऊदी अरब के बीच पारंपरिक रूप से दोस्ताना रिश्ता है। सऊदी अरब, भारत की ऊर्जा जरूरतों का सबसे बड़ा और विश्वसनीय आपूर्तिकर्ता है। फरवरी 2019 में नई दिल्ली यात्रा के दौरान क्राउन प्रिंस ने भारत में प्राथमिकता के क्षेत्र में 100 अरब डॉलर से ज्यादा निवेश करने की प्रतिबद्धता जताई थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि रक्षा, सुरक्षा, व्यापार, संस्कृति, शिक्षा और लोगों से लोगों के बीच संपर्क द्विपक्षीय सहयोग के अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्र हैं।

इस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री और दुनिया के कई अन्य नेता मंगलवार से शुरू हो रहे सऊदी अरब के हाई प्रोफाइल सालाना वित्तीय कांफ्रेंस में भाग लेंगे। इस कांफ्रेंस में अमेरिका के ट्रेजरी मंत्री स्टीवन और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सलाहकार एवं दामाद जे. कुशनर भी भाग लेंगे। कुछ मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान लगातार दूसरे वर्ष भी कांफ्रेंस में हिस्सा ले सकते हैं।

पाकिस्तान ने प्रधानमंत्री के विमान को अपने क्षेत्र से गुजरने की अनुमति नहीं दी

नई दिल्ली, प्रेट्र : पाकिस्तान ने प्रधानमंत्री मोदी के विमान को अपने क्षेत्र से गुजरने की अनुमति नहीं दी। जम्मू-कश्मीर में कथित मानवाधिकार उल्लंघन का उदाहरण देते हुए पाक ने रविवार को भारत के आग्रह को ठुकरा दिया। भारत ने पड़ोसी देश से मोदी के विमान को उड़ान क्षेत्र से गुजरने देने की अनुमति मांगी थी। भारत ने इस मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन के सामने उठाया है। रविवार को पाकिस्तान के विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने कहा कि उनके देश ने प्रधानमंत्री मोदी के विमान को अपने एयरस्पेस का इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं देने का फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि यह फैसला ब्लैक डे के परिप्रेक्ष्य में और जम्मू-कश्मीर में मानवाधिकार उल्लंघन को देखते हुए लिया गया है।

सूत्रों ने कहा कि भारत ने एक बार फिर वीवीआइपी स्पेशल विमान को अपने उड़ान क्षेत्र से गुजरने की अनुमति नहीं देने पर खेद जाहिर किया है। आम तौर पर कोई भी सामान्य देश इसकी अनुमति देता है। सितंबर में भी पाकिस्तान ने अमेरिका यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री के विमान को गुजरने की अनुमति नहीं दी थी।

भारत ने विमान गुजरने की अनुमति नहीं देने का मुद्दा सक्षम अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन निकाय के सामने उठाया है। आइसीएओ संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी है। सूत्रों ने कहा, 'उड़ान भरने की अनुमति मांगी गई और आइसीएओ के दिशानिर्देश के अनुसार अन्य देशों ने मंजूरी दी।' सूत्रों ने कहा कि भारत इस तरह की उड़ान के लिए अनुमति मांगता रहेगा।

रक्षा मंत्री ने की तीनों सेना प्रमुखों के साथ सुरक्षा बैठक

नई दिल्ली, एएनआइ : रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तीनों सेनाओं के प्रमुखों से मुलाकात की। उन्होंने देश की सीमाओं खासकर नियंत्रण रेखा पर सुरक्षा के हालात को लेकर समीक्षा बैठक की।

रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने ट्वीट करके बताया कि नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर पाकिस्तान की लगातार फायरिंग के चलते सोमवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने थल सेना प्रमुख जनरल बिपिन रावत, नौसेना प्रमुख एडमिरल करमबीर सिंह और वायुसेना प्रमुख आरकेएस भदौरिया से गहन विचार-विमर्श किया। बैठक के दौरान भारत की समूची अंतरराष्ट्रीय सीमा की सुरक्षा की समीक्षा की गई। सूत्रों के अनुसार रक्षा मंत्री ने तीनों सेना प्रमुखों से सीमा पर लगातार सतर्कता बरतने और निगरानी करने को कहा गया है।

नियंत्रण रेखा पर जबरदस्त तनाव के चलते यह बैठक बुलाई गई। पाकिस्तान आतंकवादियों की घुसपैठ कराने की कोशिश में लगातार नियंत्रण रेखा पर गोलाबारी कर रहा है।

इससे पहले, जम्मू-कश्मीर के तंगधार सेक्टर में पाकिस्तान के लगातार संघर्षविराम का उल्लंघन करने के बाद 20 अक्टूबर को रक्षा मंत्री ने जनरल बिपिन रावत से बातचीत की थी। विगत पांच अगस्त को भारत के जम्मू और कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने की घोषणा के बाद से नियंत्रण रेखा पर पाकिस्तान की गोलाबारी लगातार जारी है।

पाक के विरोध के बाद भी भारत को मिली इंटरपोल सम्मेलन की मेजबानी

रवींद्र कैलासिया, भोपाल

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न देशों की पुलिस के बीच समन्वय करने वाली संस्था इंटरपोल के 2022 में होने वाले 91वें सम्मेलन की मेजबानी भारत को मिल गई है। पहले इस सम्मलेन की मेजबानी इंग्लैंड को करनी थी। पाकिस्तान के पुरजोर विरोध के बावजूद भारत को यह अवसर मिला है। 126 देशों ने इंग्लैंड को 2023 में मेजबानी का मौका देने के प्रस्ताव पर भी सहमति दी है।

हाल ही में इंटरपोल का 88वां सम्मेलन चिली में हुआ, जिसमें केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआइ) के निदेशक ऋषि कुमार शुक्ला, मध्य प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) विजय कुमार सिंह, दिल्ली के पुलिस आयुक्त अमूल्य पटनायक व सीबीआइ एसपी विजेंद्र बिदरी शामिल थे। बताया जाता है कि भारत ने 2022 में अपनी आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के यादगार वर्ष में इस सम्मेलन की मेजबानी का प्रस्ताव रखा था। भारत के प्रस्ताव पर सम्मेलन में उपस्थित 126 देशों के प्रतिनिधियों ने मतदान किया। इनमें से दो देशों पाकिस्तान और अजरबैजान ने विरोध किया, लेकिन अन्य सभी 124 देशों ने अपनी सहमति दी। इससे पाकिस्तान को फिर अंतरराष्ट्रीय मंच पर मुंह की खानी पड़ी।

- चिली में हुए सम्मेलन में गृहमंत्री की भावना के अनुरूप अधिकारियों ने रखा था प्रस्ताव
- 126 सदस्य देशों में से 124 का साथ मिलने से पाकिस्तान ने फिर मुंह की खाई

फ्रांस के लियो शहर में स्थित इंटरपोल की बिल्डिंग। फाइल फोटो

यूरोपीय देशों से होगा बेहतर समन्वय

सूत्रों के मुताबिक सम्मेलन में इंटरपोल के यूरोपीय सदस्य देशों के साथ भारतीय पुलिस अधिकारियों की अलग-अलग मुलाकात हुई। इसमें अमेरिका व इंग्लैंड ने भारत के साथ कई नीतिगत समस्याओं पर अपनी तरफ से सहयोग का आश्वासन दिया। इसमें अपराध कर भागे विजय माल्या-ललित मोदी जैसे अपराधियों से लेकर सायबर क्राइम के प्रकरणों में यूरोप में बैठकर अपराध करने वाले अपराधियों को लेकर चर्चा हुई। यूरोपीय देशों ने हर तरह के अपराध में भारतीय पुलिस की मदद का आश्वासन दिया। इसी तरह भारतीय पुलिस के साथ इस अंतरराष्ट्रीय मंच पर भूटान और नेपाल पुलिस को चर्चा करनी थी, जिसके लिए भारतीय पुलिस अधिकारियों ने उन्हें समय दिया। इन पड़ोसी देशों ने भी भारत से अपने यहां होने वाले अपराधों व आरोपितों के भारत में छुप जाने के मामलों से विवेचना में होने वाली परेशानियों को साझा किया।

गौरतलब है कि 2022 के सम्मेलन का पूर्व में मेजबान इंग्लैंड को बनाया गया था, लेकिन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की भावना के अनुरूप सीबीआइ के निदेशक शुक्ला ने चिली सम्मेलन में भारत में आयोजन का प्रस्ताव रखा था। हालांकि पाकिस्तान ने इसका विरोध किया लेकिन दुनिया के अन्य देशों ने उसे समर्थन नहीं मिला।

माओवादी हिंसा में नौ साल में साढ़े तीन हजार से अधिक लोग मारे गए

नई दिल्ली, प्रेट्र : केंद्रीय गृह मंत्रालय ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट में कहा है कि पिछले नौ सालों में नक्सली हिंसा में 3,700 से अधिक लोग मारे गए हैं। देश के दस राज्यों में हुई नक्सली हिंसा में सबसे अधिक लोग छत्तीसगढ़ में मारे गए हैं।

मंत्रालय ने अपनी 2018-19 की रिपोर्ट में बताया है कि नक्सली हिंसा से प्रभावित दस राज्यों में छत्तीसगढ़, झारखंड, बिहार, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, मध्यप्रदेश, और उत्तर प्रदेश शामिल हैं। देश के वामपंथी विचारधारा के उग्रवादी संगठनों में प्रतिबंधित संगठन भाकपा (माओवादी) सबसे घातक है। यह संगठन अकेले ही 88 फीसद से अधिक नक्सली हिंसा और इसमें होने वाली हत्याओं के लिए जिम्मेदार है। रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2010 से अब तक दस राज्यों में नक्सली हिंसा की 10,660 वारदातें हो चुकी हैं और इसमें 3,769 लोगों की मौत हो चुकी है। बताया जाता है कि 997 लोग पिछले नौ सालों में झारखंड में नक्सली हिंसा में मारे जा चुके हैं। जबकि इसी अवधि में नक्सली हिंसा में 1,526 घटनाओं में 387 लोगों की जानें गई थीं।

अरुणाचल के मुख्यमंत्री ने दुर्गम रास्तों पर की राइडिंग

अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने चीन की सीमा के पास तवांग जिले में पीटीएसओ लेक से मैगो तक करीब 107 किलोमीटर तक एटीवी (ऑल टरेन व्हीकल) जीप की सवारी की। साढ़े पंद्रह हजार फीट के ऊंचाई पर खांडू ने यह जीप चलाई। उनके साथ की सीट पर केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू बैठे हुए थे। जीप चलाते हुए खांडू का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। उन्होंने खुद इस वीडियो को फेसबुक अकांउट पर शेयर किया। प्रेट्र

कर्ण सिंह का अनुरोध, वर्तमान संसद भवन को न छोड़ा जाए

नई दिल्ली, प्रेट्र : वरिष्ठ कांग्रेस नेता और राज्यसभा के पूर्व सदस्य कर्ण सिंह ने उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू को पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि सुंदर, अद्वितीय और गोल संसद को छोड़ कर नए आधुनिक भवन में नहीं ले जाया जाए। सरकार ने नए संसद भवन का प्रस्ताव किया है। उपराष्ट्रपति संसद के उच्च सदन राज्यसभा के सभापति भी हैं।

उपराष्ट्रपति को लिखे गए पत्र में सिंह ने सुझाव दिया है कि वर्तमान संसद भवन में बदलाव कर कुछ और सदस्यों को समायोजित किया जा सकता है। उन्होंने लिखा है, 'मेरे विचार से हमारे लिए आवश्यक सामग्री और कार्यालयों को वर्तमान भवन से दूसरी जगह ले जाना और हाल को और सदस्यों को समायोजित करने के लिए बनाना बेहतर रहेगा।'

उन्होंने आगे कहा है, 'मेरा यह स्पष्ट विचार है कि सुंदर, अद्वितीय, गोल संसद भवन हमारे पास है उसे किसी सूरत में नहीं छोड़ा जाना चाहिए। हम फिर कभी ऐसा ढांचा खड़ा नहीं कर पाएंगे। नए आधुनिक भवन में स्थानांतरित होना हमें पुराने की विशेषता से महरूम कर देगा।'

कर्ण सिंह फाइल फोटो

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने इस बारे में उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू को पत्र लिखा

जम्मू राजघराने के सदस्य सिंह जम्मू-कश्मीर के सदर-ए-रियासत रह चुके हैं। उन्होंने संसद भवन के पुनर्गठन पर अपना विचार व्यक्त किया है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने सुझाव दिया है कि लोकसभा को उस सेंट्रल हाल में ले जाने पर विचार किया जाना चाहिए जहां कई वर्षों तक संविधान सभा की बैठकें चली थीं। राज्यसभा को लोकसभा हाल में ले जाया जाना चाहिए। इसके पुराने हाल का सदस्यों के लिए सेंट्रल हाल टाइप लाउंज के रूप में इस्तेमाल किया जाना चाहिए। आलीशान भवन को त्यागने से कहीं बेहतर यही रहेगा।

इकबाल मिर्ची पीएमएलए मामले में ईडी ने राज कुंद्रा को समन किया

मुंबई, प्रेट्र : प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के कारोबारी पति राज कुंद्रा को दिवंगत गैंगस्टर इकबाल मिर्ची के खिलाफ मनी लांड्रिंग जांच के सिलसिले में समन किया है। कुंद्रा को चार नवंबर को मामले के जांच अधिकारी के सामने हाजिर होने के लिए कहा है। पेशी के दौरान उसका बयान दर्ज किए जाने की उम्मीद है।

अधिकारी ने कहा कि मनी लांड्रिंग रोकथाम अधिनियम के तहत कार्यवाही की जा रही है। केंद्रीय जांच एजेंसी इस मामले में कुंद्रा की रंजीत बिंद्रा और एक फर्म बैस्टिअन हास्पिटैलिटी के साथ कथित लेनदेन की जांच कर रही है। दोनों के बीच कुछ कारोबार की विस्तृत सूचना की जरूरत है इसीलिए समन किया गया है। बिंद्रा को मामले कुछ समय पहले प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार किया था। इससे पहले कुंद्रा कारोबार में किसी तरह की गलती करने से इन्कार कर चुका है।लंदन में 2013 में मिर्ची का निधन हो गया। उसे वैश्विक आतंकी दाऊद इब्राहिम का मादक पदार्थों की तस्करी और फिरौती अपराधों में दाहिना हाथ माना जाता था।

बदलेगी तस्वीर

वैश्विक स्मार्ट सिटीज अलायंस का हिस्सा बन जाने से देश को टेक्नोलाजी से जुड़ी कई तरह की सहूलियतें आसानी से मिल जाएंगी,इससे ट्राफिक जाम को सुधारने, प्राकृतिक आपदाओं से निपटने में मिलेगी मदद

जी-20 के साथ स्मार्ट सिटी मिशन को मिलेगी रफ्तार

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली

- स्मार्ट सिटी मिशन के तहत वैश्विक मानक पर होगा शहरों का विकास
- नवंबर में पॉलिसी डिजाइन वर्कशॉप बार्सिलोना में होगा

स्मार्ट सिटी मिशन को जी-20 समूह के देशों के साथ मिलने से उसके विकास को और रफ्तार मिलेगी। भारत के वैश्विक स्मार्ट सिटीज अलायंस का हिस्सा बन जाने से उसे टेक्नोलाजी से जुड़ी कई तरह की सहूलियतें आसानी से मिल जाएंगी। इससे भारतीय शहरों के विकास में जहां चार चांद लग जाएंगे वहीं स्मार्ट सिटी मिशन की चुनौतियों को सुलझाने के बड़े अवसर मिलेंगे।

केंद्रीय शहरी विकास मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, वैश्विक स्तर की स्मार्ट सिटी टेक्नोलाजी प्राप्त होने से ट्राफिक जाम को सुधारने, शहरी अपराधों पर नियंत्रण, प्राकृतिक आपदाओं से निपटने में जहां सहूलियत हो जाएगी वहीं ग्रीन हाऊस गैस के उत्सर्जन में कटौती में भी मदद मिलेगी। पिछले कुछ वर्षों के दौरान भारत में शहरीकरण तेज हुआ है। स्मार्ट सिटी मिशन से उसे एक नया रास्ता मिला है। इसमें शहरी जीवन के स्तर को ऊंचा उठाने में मदद मिलेगी। वैश्विक फोरम में शामिल होने से अंतरराष्ट्रीय स्तर की टेक्नोलाजी और बेहतर तरीके को अपनाने का आसानी से मौका मिलेगा।

ग्लोबल स्मार्ट सिटी अलायंस में दो लाख से अधिक शहर, स्थानीय निकाय, प्रमुख कंपनियां, स्टार्टअप, रिसर्च संस्थान और सिविल सोसाइटीज शामिल हैं। स्मार्ट सिटी की प्राइवेसी और सेक्यूरिटी के बाबत न्यू ग्लोबल पालिसी स्टैंडर्ड सऊदी अरब के रियाद में होने वाले जी-20 सम्मेलन में पेश की जाएगी। तेजी से बढ़ रही शहरी आबादी के मद्देनजर स्मार्ट सिटी टेक्नोलाजी की सख्त जरूरत है। इससे जहां शहरी जीवन में सुधार होगा वहीं शहरों की जिंदगी आसान होगी।

केंद्र की राजग सरकार ने अपने पहले कार्यकाल में एक सौ शहरों को स्मार्ट सिटी बनाने के लिए चुना था, जो देश के बाकी 4000 शहरों के लिए एक मॉडल होंगे। शहरी जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम है। जिस धूमधाम के साथ स्मार्ट शहरों को चुना गया था, उसके हिसाब से इनकी प्रगति नहीं हो पा रही है। सभी चयनित स्मार्ट शहरों को 2019 से 2023 के बीच विकसित हो जाना चाहिए। लेकिन इस लक्ष्य को प्राप्त करने में कई तरह की कठिनाइयां पेश आ रही हैं।

स्मार्ट सिटी मिशन की फंडिंग के अन्य विकल्पों पर मंत्रालय विचार कर रहा है। इनमें पूल फाइनेंस, बांड्स, अतिरिक्त भूमि को बेचने और विदेशी निवेश जैसे उपाय प्रमुख हैं। सूत्रों का कहना है कि स्मार्ट सिटी के लिए चयनित शहरों में ज्यादातर की रेटिंग न होने की वजह निवेशक कंपनियां उनकी ओर से आकर्षित नहीं हो पा रही हैं। शहरी स्थानीय निकायों में सुधार की जरूरत है।

इंडोनेशिया रवाना हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी

राहुल गांधी फाइल फोटो

नई दिल्ली, आइएएनएस : कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी एक बार फिर विदेश यात्रा पर रवाना हो गए हैं। सूत्रों का कहना है कि इस बार वह इंडोनेशिया रवाना हुए हैं। राहुल गांधी के कार्यालय से उनकी यात्रा के बारे में विस्तृत जानकारी हासिल करने की कोशिश की गई, लेकिन वहां से कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई।

इससे पहले राहुल हरियाणा व महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के बीच में 21 अक्टूबर को कंबोडिया के लिए रवाना हुए थे। वह चुनाव के अंत में लौटे थे। इसके बाद उन्होंने हरियाणा में दो तथा महाराष्ट्र में पांच रैलियां की थीं। उन्होंने दो राज्यों के चुनाव को लेकर अब तक कोई टिप्पणी नहीं की है।

कह के रहेंगे माधव जोशी